
7.6 INVITED SPEAKERS











जानकारी

फ्लाइंग ऑफिसर डाक्टर चमन लाल क्रांति सिंह ने कोटली कालेज में जागरूक किए छात्र

# सशस्त्र बलों में करियर सम्मानजनक विकल्प

कार्यालय संवाददाता–मंडी

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) मंडी के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन लाल क्रांति सिंह ने राजकीय महाविद्यालय कोटली मे भारतीय सशस्त्र बलों में करियर विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया। कोटली महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डा. नवीन सैनी ने फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। महाविद्यालय करियर काउंसलिंग सेल के समन्वयक प्रोफेसर मनोहर ने स्वागत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों में करियर एक प्रतिष्ठित और सम्मानजनक विकल्प है, जो भारतीय सेना, नौसेना, और वायुसेना में कई अवसर प्रदान करता है। यह योग्य युवाओं के लिए उपयुक्त है। जो राष्ट्र सेवा के प्रति समपिज़्त हैं। जो युवा अनुशासन, नेतृत्व, साहसिक कार्यों में रुचि रखते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत हैं। इच्छुक युवा नेशनल डिफेंस एकेडमी, सीडीएस, एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, टेक्निकल एंट्री व एनसीसी एंट्री से अधिकारी बनने के लिए प्रयास कर सकते हैं। कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) में स्नातक के बाद यूपीएससी द्वारा परीक्षा और भारतीय सेना द्वारा एसएसबी आयोजित की जाती है। तकनीकी प्रवेश योजना के अंतगज़्त 10+2 विज्ञान (भौतिकी, रसायन, गणित) छात्रों के लिए, जेईई मेन के आधार पर चयन होता है। विश्वविद्यालय प्रवेश योजना इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए आयोजित की जाती है। एनसीसी विशेष प्रवेश में एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट धारकों के लिए भारतीय वायु सेना, भारतीय स्थल सेना व भारतीय जल सेना में में विशेष रियायतें दी जाती हैं। लड़ाकू भूमिका (इन्फेंट्री, बख्तरबंद कोर आदि) इंजीनियरिंग चिकित्सा सेवा लॉजिस्टिक्स, शिक्षा और आईटी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

